
# खास-खबरें

## कोटवारों को नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** जिला मुख्यालय स्थित डाइट भवन में गुरुवार को होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कोटवारों को नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट उमेश तिवारी ने कोटवारों को आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, नागरिक सुरक्षा, आपातकालीन सूचना तंत्र और प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से निपटने के तरीकों के बारे में जानकारी दी।

## प्रेमचन्द स्मृति सत्ता, धर्म और समाज संगोष्ठी कल



मुंशी प्रेमचंद

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** स्थानीय पं. गंगाप्रसाद पाठक ललित कला न्यास के तत्वावधान में शनिवार 1 अगस्त को सायंकाल 6.30 बजे स्थानीय माहेश्वरी धर्मशाला में कालजयी साहित्यकार मुंशी प्रेमचन्द की जयंती के उपलक्ष्य में ''सत्ता, धर्म और समाज'' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस संगोष्ठी को प्रो. चित्तरंजन मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। न्यास के अध्यक्ष तथा कवि और आलोचक डॉ.विजय बहादुर सिंह अध्यक्षता करेंगे। प्रो. मिश्र दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व प्रति कुलपति, हिन्दी परामर्श मण्डल केन्द्रीय साहित्य अकादमी नई दिल्ली के पूर्व संयोजक और वर्तमान में उत्तरप्रदेश आवासीय विश्वविद्यालय शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष हैं। उनकी प्रकाशित पुस्तकें हैं, गद्य की रेखाएं, साहित्य के दृष्टिकोण, कथाभूमि, कबीर और तुलसी, कहिअत भिन्न न भिन्न। साहित्यिक-सामाजिक विषयों पर लेख तथा टिप्पणियां विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं, यथा दस्तावेज, सरयूधारा, समकालीन भारतीय साहित्य, वर्तमान साहित्य, बहुवचन, पुस्तक वार्ता, गगनांचल आदि।

## सावन के पहले ही दिन कुबेरेश्वर धाम के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** पवित्र श्रावण मास का शुभारंभ होते ही शहर पूरी तरह से शिवमय हो गई है। सावन के पहले ही दिन गुरुवार को शहर की सडक़ें बोल-बम और श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयकारों से गूंज उठीं। शहर की सीवन नदी के तट से जल भरकर प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम तक कांवड़ यात्रा का सिलसिला विधिवत शुरू हो चुका है। देश के कोने-कोने से आ रहे हजारों श्रद्धालुओं की आवाजाही से पूरा शहर महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर जैसी पावन नगरी की तरह नजर आ रहा है। बता दें सावन के पहले दिन सुबह से ही सीवन नदी के घाट पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। हजारों की तादाद में शिवभक्तों ने नदी के पवित्र जल से कांवड़ और कलश भरे और वहां से 11 किलोमीटर दूर स्थित कुबेरेश्वर धाम के लिए पैदल रवाना हुए। धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान कुबेरेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

## पचमा बाईपास पर सीसी रोड निर्माण तेज शहर को मिलेगा नया वैकल्पिक मार्ग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** नगर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा पचमा बाईपास मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वार्ड नंबर 9 पारासरी क्षेत्र में सुलभ कॉम्प्लेक्स से त्योंदा रोड स्थित सिंधी कॉलोनी तक बनने वाले इस मार्ग का काम तेजी से चल रहा है। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार बाईपास मार्ग के तैयार होने से पचमा रोड पर बढ़ते यातायात दबाव में कमी आएगी। वर्तमान में पचमा रोड से त्योंदा रोड और पुरानी मंडी की ओर जाने वाले भारी एवं छोटे वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण कई बार जाम की स्थिति बनती है। नए मार्ग के शुरू होने से शहर के अंदरूनी क्षेत्रों में वाहनों का दबाव कम होगा और लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सुलभ कॉम्प्लेक्स से सिंधी कॉलोनी होते हुए बनने वाला यह मार्ग त्योंदा रोड और पुरानी मंडी तक पहुंचने का एक अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध कराएगा। इससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी।

# अंधविश्वास का खौफ दिखाकर नर्स से रेप, तांत्रिक बने बस ऑपरेटर ने वीडियो बनाकर ऐंठे 4 लाख और गहने

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** तंत्र-मंत्र और काले जादू का खौफ दिखाकर एक 39 वर्षीय सरकारी नर्स के साथ रेप और लाखों रुपए की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मुख्य आरोपी, जो पेशे से एक प्राइवेट बस ऑपरेटर है, ने परिवार पर आए संकट का डर दिखाकर न सिर्फ महिला का शारीरिक शोषण किया, बल्कि अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए 4 लाख 10 हजार रुपए, मंगलसूत्र और स्कूटी भी हड़प ली। इतना ही नहीं, आरोपी ने अपने एक दोस्त से भी पीड़िता का रेप करवाया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**दोस्त से भी करवाया रेप, फिर की लाखों की ठगीः** अंधविश्वास की आड़ में आरोपी का जुल्म यहीं नहीं रुका। उसने पीड़िता से कहा कि परेशानी दूर करने के लिए उसे अन्य मर्दों से भी संबंध बनाने होंगे। इसके बाद वह एक दिन अपने दोस्त को लेकर आया और दोनों ने मिलकर गैंगरेप किया तथा अश्लील वीडियो भी बना लिए। इसके बाद आरोपी ने 'परेशानी दूर करने के लिए बस खरीदने' का झांसा दिया। सरकारी कर्मचारी होने के कारण पीड़िता बस नहीं खरीद सकती थी, इसलिए आरोपी ने अपने नाम से बस लेने के बहाने उससे 4 लाख 10 हजार रुपए और सोने का मंगलसूत्र ऐंठ लिया। 28 जुलाई को वह पीड़िता की एक्टिवा और उसके दस्तावेज भी ले गया।

**सहकर्मियों के साथ भी की अश्लील हरकतः** शिकायत में यह भी सामने आया है कि पीड़िता ने अपनी दो परेशान जूनियर सहकर्मियों को भी इस तांत्रिक के बारे में बताया था। 21 जुलाई को जब दोनों कमरे पर आईं, तो राजू ने उनके साथ भी अश्लील हरकत की। डर के मारे वे दोनों वहां से भाग गईं। इसके बाद आरोपी ने 50 हजार रुपए की और मांग की तथा पैसे न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी, जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस की शरण ली।

**क्या कहती है पुलिसः** शाजापुर एसपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मुख्य आरोपी शकीरा शाह उर्फ राजू (जो गुड्डू के नाम से भी जाना जाता है) को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह उज्जैन के बड़नगर का रहने वाला है और पेशे से बस ऑपरेटर है। आरोपी शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में शामिल उसके दोस्त की तलाश जारी है।

### ट्रेन के सफर में बिछाया था जाल

पीड़िता ने बुधवार रात थाने पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। उसने पुलिस को बताया कि 3 जुलाई को वह ट्रेन से जबलपुर से शाजापुर लौट रही थी। भोपाल में उसकी मुलाकात राजू (निवासी बड़नगर) नामक युवक से हुई। बातचीत के दौरान जब नर्स ने अपनी पारिवारिक परेशानियां (पिता का गिरना, बहन की बीमारी) साझा कीं, तो राजू ने खुद को तंत्र-मंत्र का जानकार बताया। उसने कहा कि पीड़िता के ससुराल वालों ने उस पर जादू-टोना किया है, जिसके निवारण के लिए 'डोरा' (धागा) बंधवाना पड़ेगा। यहीं से उसने पीड़िता का नंबर ले लिया और उसे अपने जाल में फंसाना शुरू किया।

### मौत का डर दिखाकर आबरू और दौलत लूटी

पीड़िता के अनुसार, 4 जुलाई को आरोपी शाजापुर स्थित उसके किराए के मकान पर पहुंचा। उसने डराया कि यदि तांत्रिक प्रक्रिया पूरी नहीं की, तो उसके माता-पिता और परिजनों की मौत हो जाएगी। इसके बाद उसने धागे के नाप के बहाने और फिर गंदे काम (शारीरिक संबंध) को तंत्र-मंत्र का हिस्सा बताकर उसके साथ रेप किया। आरोपी पीड़िता को जावरा टेकरी और अजमेर भी ले गया और वहां भी दरिंदगी की।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान का हुआ समापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, चंदेरीः** मध्यप्रदेश पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी' जागरूकता अभियान का गुरुवार को समापन हुआ। अभियान के अंतिम दिन हैंडलू पार्क में नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम में एसडीओपी महेश शर्मा, थाना प्रभारी प्रशांत यादव और योगेंद्र रघुवंशी ने उपस्थित लोगों और युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ पूरे परिवार को प्रभावित करता है और सामाजिक समस्याओं का कारण बनता है। एसडीओपी महेश शर्मा ने कहा कि नशा चाहे किसी भी प्रकार का हो, वह परिवार को कमजोर कर देता है। इसलिए हर व्यक्ति को नशे से दूर रहना चाहिए और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि मोहल्ले या परिवार में कोई व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे समझाइश देकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों के लिए उपचार और दवाइयों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उर्वरक उपलब्धता, गुणवत्ता नियंत्रण, सूक्ष्म सिंचाई, मृदा परीक्षण, दलहन-तिलहन प्रोत्साहन और उपार्जन कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उर्वरक और बीज वितरण की लगातार निगरानी करने, मृदा परीक्षण कार्य बढ़ाने तथा उपार्जन एवं भुगतान संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना, बकरी इकाई योजना, मुर्रा पाड़ा योजना, पशु टीकाकरण अभियान और गौशाला संचालन की स्थिति की जानकारी ली गई। अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

# गुरु पूर्णिमा पर उज्जैन में दो युवाओं ने लिया संन्यास

### एयर इंडिया के इंजीनियर और मुंबई के कारोबारी ने छोड़ा सांसारिक जीवन, वैदिक विधि से ली दीक्षा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में एक अनोखा आध्यात्मिक प्रसंग देखने को मिला। मांगलनाथ स्थित मौनी आश्रम में दो युवाओं ने सांसारिक जीवन का त्याग कर संन्यास की दीक्षा ग्रहण की। एयर इंडिया में मैकेनिकल इंजीनियर मनीष कुमार और मुंबई के कारोबारी संचित शर्मा ने वैदिक विधि-विधान के साथ मुंडन कराकर और स्वयं का पिंडदान कर संत सुमनानंद गिरी महाराज के सान्निध्य में आध्यात्मिक जीवन की शुरुआत की।

बिहार निवासी 25 वर्षीय मनीष कुमार ने बताया कि बचपन से ही उनका झुकाव सनातन धर्म और आध्यात्म की ओर रहा है। उच्च शिक्षा के बाद उन्हें बेंगलुरु एयरपोर्ट पर एयर इंडिया में मैकेनिकल इंजीनियर की नौकरी मिली, लेकिन मन को अपेक्षित शांति और संतोष नहीं मिल पा रहा था। मौनी आश्रम के संत सुमनानंद गिरी महाराज के संपर्क में आने के बाद उनके भीतर वैराग्य की भावना और मजबूत हुई। इसके बाद उन्होंने नौकरी छोड़कर संन्यास का मार्ग अपनाने का निर्णय लिया।

वहीं उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी 35 वर्षीय संचित शर्मा मुंबई में प्लेसमेंट एजेंसी का संचालन कर रहे थे। सफल कारोबार के बावजूद उनका मन अध्यात्म की ओर आकर्षित होता रहा। उन्होंने बताया कि लंबे समय से उनके मन में संन्यासी जीवन जीने की इच्छा थी। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उन्होंने शिखा मुंडन और स्वयं का पिंडदान कर सांसारिक जीवन का त्याग किया।



संचित शर्मा



मनीष कुमार

**मौनी आश्रम पहले भी रहा है चर्चा में:** मांगलनाथ स्थित मौनी आश्रम इससे पहले भी आध्यात्मिक गतिविधियों को लेकर चर्चा में रहा है। कुछ समय पहले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्षा रिछारिया ने भी इसी आश्रम में संन्यास की दीक्षा लेकर हर्षानंद नाम धारण किया था।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हर्षा रिछारिया (हर्षानंद) भी मौनी आश्रम पहुंचीं और गुरु सुमनानंद गिरी महाराज के चरणों में पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान गुरु-शिष्य परंपरा है और गुरु का आशीर्वाद जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है।

संत सुमनानंद गिरी महाराज के सान्निध्य में युवाओं का अध्यात्म और वैराग्य की ओर बढ़ता रुझान लगातार देखने को मिल रहा है। शिक्षित युवाओं और कारोबारियों द्वारा संन्यास मार्ग अपनाना उज्जैन की आध्यात्मिक पहचान को और मजबूत कर रहा है।

## वेदांत आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में गुरुवार को तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. वेदान्ती महाराज और विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सिद्ध बाबा एवं साकेतवासी जगन्नाथदासजी महाराज का विधि-विधान से पूजन कर आयोजन की शुरुआत की।

काशी से गंजबासौदा पहुंचे डॉ. वेदान्ती महाराज ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि जीवन में मिले ज्ञान, संस्कार और दिशा के पीछे गुरु का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि गंजबासौदा की भूमि उनके लिए केवल एक स्थान नहीं, बल्कि गुरु भूमि है। इस पुण्यभूमि का कण-कण उनके लिए गुरु के समान पूजनीय है। इसी भूमि और संतों के आशीर्वाद से उन्हें काशी का वास और जगद्गुरु का पद प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक तिथि नहीं, बल्कि गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। गुरु जीवन के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश देते हैं और सही मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु का वास्तविक सम्मान केवल पूजन तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके बताए सत्य, सेवा, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धा है। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर आश्रम में गुरु भक्ति का विशेष वातावरण दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

आश्रम में गुरु पूर्णिमा से शुरू हुआ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन का क्रम पूरे सावन मास तक चलेगा। आश्रम के विद्यालय में अध्ययनरत बटुक ब्राह्मण प्रतिदिन विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण करेंगे। महोत्सव के पहले दिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव की आराधना भी हुई। इसके यजमान नारायण सिंह रघुवंशी मूंड़रा ने सपरिवार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सुख, शांति, समृद्धि और लोककल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर महंत हरिहर दासजी महाराज, राम भरत शास्त्री बनारस, गणेशराम रघुवंशी, घनश्याम सुहाने, ब्रजकिशोर सुहाने, शिवनारायण अग्रवाल, शरद शर्मा, रामनिवास मूंदड़ा, रामराज रघुवंशी सहित संतजन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जन विश्वास अभियान से सुशासन को मिलेगी नई दिशा : यादव

**पीथमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू किया जा रहा 'जन विश्वास अभियान' मध्यप्रदेश में सुशासन, जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता का नया अध्याय लिखेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल शिकायतों के समाधान तक सीमित नहीं है, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करने का प्रयास है। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही और उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। सरकार का उद्देश्य योजनाएं बनाने के साथ-साथ उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 'फैसला ऑन द स्पॉट' की कार्यसंस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे आमजन से जुड़े मामलों का तेजी से निराकरण हो सके।

## श्री राम कृपा धाम आश्रम में गुरु उत्सव का भव्य आयोजन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हरिद्वार धाम स्थित श्री राम कृपा धाम आश्रम में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक एवं आध्यात्मिक विभूति परम पूज्य साध्वी डॉ. विश्वेश्वरी देवी के सानिध्य में भव्य गुरु उत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं और शिष्यों ने गुरुदेव के श्रीचरणों का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

आश्रम परिसर में गुरु वंदना, भजन-कीर्तन, वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने गुरु महिमा से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दीं, वहीं आध्यात्मिक प्रवचनों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया।

इस अवसर पर साध्वी डॉ. विश्वेश्वरी देवी ने कहा कि गुरु ही जीवन के अंधकार को दूर कर सत्य, सेवा, संस्कार और ईश्वर भक्ति का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म, मानवता, करुणा और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ जीवन जीने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही मानव जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।

# नगर पालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का हुआ अंतिम प्रकाशन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा :** जिले की नगर पालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में वार्षिक पुनरीक्षण 1 जनवरी 2026 के संदर्भ तिथि के आधार पर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सहित राष्ट्रीय राजनीतिक मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्हें मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन संबंधी जानकारी से अवगत कराते हुए एक-एक सेट नि:शुल्क प्रदान किया गया।

बैठक में बताया गया कि विदिशा जिले की कुल 6 नगर पालिकाञ्चनगर पंचायतों में कुल 129 वार्ड हैं तथा कुल 331 मतदान केंद्र हैं। जिनमें विदिशा नगर पालिका के कुल 39 वार्ड और 153 मतदान केंद्र, बासौदा नगर पालिका के 24 वार्ड और 78 मतदान केंद्र, सिरोंज नगर पालिका के 21 वार्ड और 47 मतदान केंद्रों के अलावा नगर परिषद कुरवाई के 15 वार्ड और 18 मतदान केंद्र, लटेरी नगर परिषद के 15 वार्ड और 20 मतदान केंद्र तथा शमशाबाद नगर परिषद के 15 वार्ड और 15 मतदान केंद्र हैं।

नगरीय निकायों में मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन एवं अंतिम प्रकाशन के उपरांत कुल मतदाताओं की संख्या 256817 हैं जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 130543 और महिला मतदाताओं की संख्या 126248 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 26 है। विदिशा नगर पालिका विदिशा में कुल 132926 मतदाता हैं, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 67110 और महिला मतदाताओं की संख्या 65806 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 10 है। पंचायतों में मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन एवं अंतिम प्रकाशन उपरांत कुल मतदाताओं की संख्या 854195 है, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 448627 और महिला मतदाताओं की संख्या 405564 है तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 4 है।

**स्पेशल खबर** भैरूंदा, रेहटी और बुधनी क्षेत्र के घाटों पर मशीनों से खनन की शिकायतें, निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

# प्रतिबंध के बावजूद नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन के आरोप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नर्मदा नदी में रेत खनन पर प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र के कई घाटों पर अवैध खनन होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश और जिला प्रशासन के आदेशों के बाद भी भैरूंदा, रेहटी और बुधनी क्षेत्र के कुछ घाटों पर मशीनों और पांडुब्बी नावों से रेत निकालने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

जिला प्रशासन ने 26 जून से 1 अक्टूबर तक नर्मदा की सभी रेत खदानों पर खनन प्रतिबंध लागू किया है। वहीं मछलियों के प्रजनन काल को देखते हुए 15 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर भी रोक है। नियमों के अनुसार प्रतिबंध अवधि में केवल पूर्व से स्वीकृत स्टॉक का परिवहन किया जा सकता है, लेकिन स्थानीय लोगों का दावा है कि क्षेत्र में नए सिरे से रेत निकाली जा रही है।





भैरूंदा क्षेत्र के अंबा, बड़गांव, डिमावर, नीलकंठ, मंडी, सिलकंठ, सातदेव, चौरसाखेड़ी, रानीपुरा और छीपानेर सहित कई घाटों पर अवैध खनन की शिकायतें बताई जा रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार रात के समय नदी में मशीनों और नावों के माध्यम से रेत निकाली जाती है और डंपरों के जरिए उसका परिवहन किया जाता है।

अवैध खनन रोकने की जिम्मेदारी खनिज और राजस्व विभाग की है। प्रतिबंधित अवधि में भी खनन की शिकायतें मिलने से विभागीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं नर्मदा किनारे कई स्थानों पर रेत के बड़े भंडारण होने की शिकायतें भी सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिबंध अवधि में निकाली गई रेत को जमा कर बाद में ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी की जा रही है।

रेहटी क्षेत्र के आंवली घाट सहित कुछ स्थानों पर सरकारी भूमि पर भी अवैध खनन के आरोप लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों ने ऐसे क्षेत्रों की जांच की मांग की है।

रेहटी तहसीलदार सपना झीलोरिया ने बताया कि आंवली क्षेत्र में सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन उस समय खनन नहीं मिला। मामले की जानकारी खनिज विभाग को दी गई है और संयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। शिकायत मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं खनिज विभाग की निरीक्षण अधिकारी खुशबू वर्मा ने बताया कि प्रतिबंध अवधि में अवैध खनन और भंडारण पर नजर रखी जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।